हिन्दी सान्ध्य दैनिक जौनपुर,लखनऊ व भदोही से प्रकाशित

# देश की उपासना

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

dku live

वर्ष : 01 अंक–212 : जौनपुर, बुधवार 26 अप्रैल 2023 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

## जी–20 की सजावटों को नुकसान पहुंचाया तो जाएंगे जेल : हिडन कैमरे से हो रही निगरानी

वाराणसी ब्यूरो : जी–20 के तहत शहर में की गई सजावटों को नुकसान पहुंचाने वालों पर अब केस दर्ज किया जाएगा। विश्व स्तर पर वाराणसी की अलग पहचान बनाने के लिए तैयारियों को नुकसान पहुंचाने वालों पर हिडन कैमरे से नजर रखी जा रही है। त्रिनेत्र सेंटर से 24 घंटे निगरानी की जा रही है। जून में फिर से होने वाले जी–20 सम्मेलन की बैठकों को देख शहर को फिर से सजाने का काम हो रहा है। यह बैठकें अगस्त में भी होंगी। वहीं, कुछ शरारती तत्व इन सजावटों के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। कभी गमले टूट रहे हैं तो कभी लाइटें चोरी की जा रही हैं। कलाकृतियों पर लोग अपने बच्चों को बैठा रहे हैं और खुद भी बैठ रहे। जिसकी वजह से वह क्षतिग्रस्त हो जा रही हैं। इन पर प्रशासन की अपील का भी असर नहीं है। ऐसे लोगों को चिह्नित करने और दंडित करने की तरकीब निकाली गई है। कैमरे से निगरानी के दौरान ऐसा करने वालों पर मुकदमे दर्ज किए जाएंगे। नगर निगम की ओर से कार्यदायी संस्था डीके कंस्ट्रक्शन को जी–20 के तहत शहर को सजाने और दो साल तक उसकी देखरेख की जिम्मेदारी दी गई है। कार्यदायी संस्था इन सजावटों को दो साल तक बरकरार रखेगी। स्मार्ट सिटी की ओर से 1800 हिडन कैमरे लगाए गए हैं। जो दिखेंगे तो नहीं, लेकिन नजर बनाए रखेंगे। राजघाट क्षेत्र में कई बार समझाने के बाद भी लोग नहीं मान रहे। सेल्फी के नाम पर स्कल्पचर्स को नुकसान पहुंचा




रहे हैं। इसे देखते हुए उस क्षेत्र में अंधेरा कर दिया गया है। दो पालियों में डाल रहे पानी सजावट के क्रम में शहर में लगाए गए छोटे बड़े पौधों में दो पालियों में पानी दिया जा रहा है। सुबह और शाम को जलकल के छह टैंकर पौधों में पानी डाल रहे हैं। साथ ही इनकी रखवाली भी की जा रही है। जो पेड़ सूख रहे या किसी कारण खराब हो जा रहे उन्हें तत्काल बदला जा रहा है। काशी की जनता से अपील जी–20 का आयोजन शहर वासियों के लिए गर्व की बात है। शहर में हो रही सजावटों को ध्यान काशी वासियों को खुद रखना होगा। बैठक से आने वाले दिनों में वाराणसी में विकास का नया खाका तैयार होगा, जिससे काशी वासियों को लाभ होगा। सबका प्रयास हो कि इन सजावटों का संरक्षण हम खुद करें और नुकसान पहुंचाने वालों को रोकें। कई दिनों से देखा जा रहा है कि सड़कों पर लगे गमले को लोग हथौड़े से तोड़ रहे हैं। साथ ही सेल्फी प्वाइंट्स पर लगे स्कल्पचर्स को नुकसान पहुंचा रहे हैं। ऐसे लोगों पर कैमरे से नजर रखी जा रही है। पकड़े जाने पर मुकदमा दर्ज होगा और जेल भेजा जाएगा। – राजीव राय, अपर नगर आयुक्त

## भाजपा के बागी प्रत्याशी नहीं बैठे तो सांसद विधायक और पदाधिकारियों की तय होगी जिम्मेदारी

लखनऊ ब्यूरो : भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने निकाय चुनाव में टिकट न मिलने से नाराज होकर बगावत करने वाले कार्यकर्ताओं को हर हाल में मनाकर मैदान से हटाने का फरमान सुनाया है। मंगलवार को पार्टी के प्रदेश मुख्यालय में आयोजित अवध क्षेत्र के सांसदों, विधायकों और पार्टी पदाधिकारियों की बैठक में चौधरी ने दो टूक शब्दों में कहा कि विधायक, सांसद और पार्टी पदाधिकारी जिस दावेदार की पैरवी कर रहे थे, वह टिकट न मिलने के कारण यदि बगावत कर चुनाव लड़ रहा है तो उसे मनाकर मैदान से हटाने की जिम्मेदारी संबंधित की ही होगी। यदि वह बगावत कर चुनाव लड़ गया तो विधायक, सांसद और पदाधिकारी की जिम्मेदारी तय की जाएगी। प्रदेश में नगर पालिका परिषद और नगर पंचायतों में अध्यक्ष व सभासद का टिकट न मिलने से नाराज कार्यकर्ता बड़ी संख्या में बगावत कर निर्दलीय चुनाव लड़ रहे हैं। पार्टी की चिंता है कि यदि समय रहते बागियों को मैदान से नहीं हटाया गया तो एक तो निकाय चुनाव में नुकसान होगा। दूसरा, लोकसभा चुनाव तक क्षेत्र में माहौल खराब रहेगा। साथ ही कार्यकर्ताओं की नाराजगी का नुकसान भी झेलना पड़ेगा, वोट प्रतिशत भी गिरेगा। भूपेंद्र चौधरी ने कहा कि पूर्व के आंकड़े बता रहे हैं कि भाजपा निकाय चुनाव में जहां भी हारी है, उसकी प्रमुख वजह पार्टी के बागी उम्मीदवार रहे हैं। उन्होंने कहा कि सांसद, विधायक और पार्टी के पदाधिकारी मिलकर बागी उम्मीदवारों को हर हाल में समझाकर चुनाव मैदान से हटवाकर पार्टी प्रत्याशी की राह आसान करें। चौधरी ने कहा कि सभी कार्यकर्ता, पदाधिकारी और जनप्रतिनिधि बूथ प्रबंधन में जुट जाएं। घर–घर जनसंपर्क, अग्रिम मोर्चों के सम्मेलन के साथ मतदाता पर्ची पहुंचाने के काम पर ध्यान दें। बैठक में अवध के क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्रा, प्रदेश महामंत्री अमरपाल मौर्य, संजय राय सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद थे। जातीय समीकरण के हिसाब से तय होंगे नेता भूपेंद्र चौधरी ने कहा कि जिलाध्यक्ष, जिला प्रभारी, चुनाव प्रभारी आपसी समन्वय से बताएं कि किस निकाय में किस जाति के नेता या मंत्री की सभा, रोड शो कराने से माहौल बन सकता है। प्रदेश मुख्यालय को उसकी सूचना देने पर संबंधित जाति के नेता या मंत्री का दौरा लगाया जाएगा। 60 फीसदी वोट हासिल करने



का लक्ष्य भूपेंद्र चौधरी ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव के लिहाज से निकाय चुनाव में भाजपा की जीत अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि चुनाव में भाजपा का वोट प्रतिशत 52 तक पहुंच गया है, इसे निकाय चुनाव में बढ़ाकर 60 प्रतिशत तक करना है। यदि पार्टी ने 60 फीसदी वोट हासिल करने में सफलता प्राप्त की तो लोकसभा चुनाव में दूसरा दल सामने टिक नहीं सकेगा। अयोध्या के जिलाध्यक्ष ने दिखाए तेवर अयोध्या के भाजपा जिलाध्यक्ष अभिषेक मिश्रा ने बैठक में तेवर दिखाते हुए कहा कि पार्टी ने अयोध्या नगर निगम में जिसे महापौर प्रत्याशी बनाया है, उसका पार्टी के कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों से परिचय तक नहीं है। वह कभी पार्टी में नहीं रहे, लिहाजा कार्यकर्ता उन्हें पहचानते नहीं है। उन्होंने कहा कि महापौर प्रत्याशी गिरिशपति त्रिपाठी का पार्टी के कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों से परिचय कराया जाए ताकि एक दूसरे को पहचान सकें। अभिषेक मिश्रा के बाद कुछ अन्य जनप्रतिनिधियों और पदाधिकारियों ने अपनी बात रखनी चाही। लेकिन यह कहते हुए उन्हें शांत कर दिया गया कि जिसे प्रत्याशी चयन से संबंध में जो भी बात करनी है, वह प्रदेश अध्यक्ष से उनके कक्ष में एकांत में मुलाकात करे। जिलाध्यक्षों और विधायकों ने भूपेंद्र चौधरी से उनके कक्ष में मुलाकात कर प्रत्याशी चयन को लेकर अपनी पीड़ा का इजहार किया। हर विधानसभा क्षेत्र में सौ जगह सुनेंगे मन की बात भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात का 100वां संस्करण 30 अप्रैल को प्रसारित होगा। उन्होंने कहा कि हर विधानसभा क्षेत्र में 3–3 बूथों को जोड़कर एक जगह मन की बात सुनने का कार्यक्रम किया जाएगा, प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में सौ जगह मन की बात सुनने की व्यवस्था करें। इसकी फोटो नमो एप पर अपलोड करनी होगी।

## पारिवारिक मामलों के अधिकतम वादों का निस्तारण हेतु प्री–ट्रायल बैठक आयोजित

जौनपुर सू.वि. : सिविल जज सि0डि0/प्रभारी सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने अवगत कराया है कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली व उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशानुसार एवं श्रीमती वाणी रंजन अग्रवाल, माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जौनपुर के संरक्षण में 13 मई 2023 को प्रस्तावित राष्ट्रीय लोक अदालत में परिवार न्यायालयों में लम्बित अधिकतम वादों के निस्तारण के सम्बन्ध में विचार–विमर्श हेतु श्रीमती रीता कौशिक, प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय, जौनपुर की अध्यक्षता एवं श्रीमती ज्योति अग्रवाल सिविल जज सि0डि0, जौनपुर/प्रभारी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जौनपुर के संयोजन में उनके विश्राम कक्ष में 25 अप्रैल 2023 को समय 01:30 बजे प्री–ट्रायल की तृतीय बैठक आहूत की गयी। बैठक में श्रीमती रीता कौशिक, प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय, जौनपुर द्वारा समस्त अपर प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायाधीश को आगामी लोक अदालत में अधिकतम मामलों के निस्तारण हेतु वादों को चिन्हित करने एवं पक्षकारों को समन/नोटिस प्रेषित कर लोक अदालत में वादों के निस्तारण के लाभों को बताते हुए पक्षकारों को प्रेरित किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। सिविल जज सि0डि0,



जौनपुर/प्रभारी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जौनपुर श्रीमती ज्योति अग्रवाल द्वारा लोक अदालत के मामलों के निस्तारण से होने वाले लाभों जैसे–निस्तारण हेतु किसी प्रकार का न्याय शुल्क देय नहीं होना, लोक अदालत में निस्तारण कर लम्बित मामलों मे न्याय शुल्क की वापसी की व्यवस्था, लोक अदालत के निर्णय के विरूद्ध कोई अपील नहीं होना बताकर लोक अदालत में अधिक से अधिक मामलों को निस्तारण करवाकर लोक अदालत को सफल बनाये जाने की अपील की गयी। इस अवसर पर श्री विजय कुमार गुप्ता, अतिरिक्त प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय प्रथम एवं श्री कुलदीप कुमार, अतिरिक्त प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय, तृतीय तथा परिवार न्यायालय के कांउसलर भी उपस्थित रहे।

## हाईस्कूल व इंटरमीडिएट के टॉपटेन लिस्ट में शामिल हैं आठ विद्यार्थी

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट की परीक्षा में जिले के सर्वाधिक छात्र संख्या वाले विद्यालय श्री विश्वनाथ इंटर कॉलेज कलान के मेधावियों ने एक बार फिर अपनी मेधा साबित की है। हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की टॉपटेन लिस्ट में विद्यालय के आठ विद्यार्थियों का नाम है। इसमें हाईस्कूल में 4 और इंटरमीडिएट में 4 विद्यार्थी शामिल हैं। इंटरमीडिएट की जिला स्तरीय मेरिट में प्रथम स्थान पर आने वाली आकांक्षा यादव भी इसी विद्यालय की छात्रा है आकांक्षा का नाम प्रदेश स्तरीय मेरिट में सातवें' स्थान पर शुमार है। इंटरमीडिएट परीक्षा में विद्यालय के कुल पंजीकृत 1730 विद्यार्थियों में में से 1721 विद्यार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए जिनमें से 1681विद्यार्थी हुए ।इस प्रकार विद्यालय का इंटरमीडिएट का परीक्षाफल 98ः रहा ।1391 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। इसी प्रकार हाई स्कूल की परीक्षा में कुल पंजीकृत 1609 विद्यार्थियों में से 1593 विद्यार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए तथा1591 विद्यार्थी



उत्तीर्ण हुए ।हाई स्कूल का परीक्षाफल 99.87ःरहा ।इनमे से 1543 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। विद्यालय के प्रबंधक शशि प्रकाश सिंह एवं प्रधानाचार्य डॉ आशुतोष सिंह' ने विद्यार्थियों की सफलता पर खुशी जताई है मेधाववियों का माल्यार्पण कर उन्हें मिष्ठान खिलाया है। इस मौके पर विद्यालय के संस्थापक प्रधानाचार्य भोला नाथ सिंह ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा है कि मेधावी अपने लक्ष्य को हासिल करने के लिए सही दिशा में प्रयास करें तो कुछ भी संभव है।

## डीआईजी रेंज वाराणसी द्वारा नगर निकाय चुनाव को लेकर की गई समीक्षा बैठक : तैयारियों का लिया जायजा

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : नगर निकाय चुनाव जैसे–जैसे नजदीक आ रहे हैं प्रशासनिक अधिकारियों की तैयारियां तेजी से चल रही है किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए पुलिस द्वारा बराबर बैठके की जा रही है साथ ही नगर में फ्लैग मार्च भी निकाला जा रहा है। इसी क्रम में आज पुलिस उपमहानिरीक्षक वाराणसी रेंज वाराणसी अखिलेश कुमार चौरसिया द्वारा आगामी नगर निकाय चुनाव के संबंध में जनपद जौनपुर के सभी राजपत्रित अधिकारियों एवं नगर निकाय होने वाले थाना क्षेत्रों के थाना प्रभारियों के साथ चुनाव संबंधी संगोष्ठी की गई तथा चुनाव के दृष्टिगत की गयी अबतक की



कार्यवाही एवं आगे की तैयारियों का जायजा लिया गया तथा आवश्यक आदेश निर्देश दिये गये।

## सिंगल यूज प्लास्टिक हटाना है –जेसीआई चेतना

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जनपद की महिलाओं की अग्रणी संस्था जेसीआई जौनपुर चेतना ने सिंगल यूज प्लास्टिक को हटाना हैऔर जौनपुर को स्वच्छ बनाना है के निवेदन के साथ शहर के कोतवाली चौराहे रोड तथा उर्दू बाजार में नो प्लास्टिक यूज का जागरूकता अभियान प्रारंभ किया संस्था के पदाधिकारी और सदस्यों ने लोगों को कपड़े का बैग इत्यादि प्रयोग करने का निवेदन करते हुए दुकानदार भाइयों को संस्था के द्वारा बनवाया गया कपड़े का झोला वितरित किया, संस्था अध्यक्ष सोनी जायसवाल ने बताया कि जेसीआई इंडिया मंडल 3 के आह्वान पर सिंगल यूज प्लास्टिक हटाओ का नारा दिया गया है इसी के तहत लोगों को कपड़े का बैग या झोला प्रयोग करने के लिए यह जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है आप सभी को पता है की प्लास्टिक हमारे जीवन में बहुत हानिकारक है इसलिए हम सभी को जल्द से जल्द सिंगल यूज प्लास्टिक को अपने दिनचर्या से निकालना होगा कार्यक्रम में संस्था की कोषाध्यक्ष सरला माहेश्वरी, सुधा बैंकर, संचिता बैंकर, मीनू बरनवाल और अनीता गुप्ता उपस्थित रही।


### पाठक बन्धुओं से अनुरोध

आप सभी से अनुरोध है कि ऑनलाइन समाचार पत्र पढ़नें हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट **www.Desh ki upasana.com** का अधिक अधिक उपयोग करें–तथा हमारें यू–ट्यूब चैनल / पोर्टल - **dku live** सत्य एवं प्रमाणिक खबरों के लिए Like&Subscribe जरूर कीजिए।

–संपादक

## बच्चों के परिश्रम का प्रमाण परीक्षाफल : प्राचार्या वेनिका शर्मा

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। हाई स्कूल और इण्टरमीडिएट यू.पी ० बोर्ड का परिक्षा परिणाम घोषित हुआ परीक्षा – परिणाम देखते ही, छात्रों सहित विद्यालय प्रबंधतंत्र , प्रधानाचार्या एवं शिक्षक वर्ग सभी मे




हर्षोल्लास की लहर दौड़ गई । विद्यालय के सभी छात्र – छात्राएँ आज का अदभुत परिणाम अर्जित करने में सफल रहे । जिसके लिए विद्यालय प्रबंधक , प्रधानाचार्या की तत्परता एवं कर्मठता के साथ शिक्षक वर्ग का श्रेष्ठ मार्गदर्शन एवं उत्तीर्ण हुए सभी बच्चों के परिश्रम का प्रमाण परीक्षाफल के रूप में प्रशंसनीय है। प्रिंसिपल वेनिका शर्मा ने छात्र–छात्राओं को बधाई दी।

## परीक्षा में फेल होने पर एक छात्र छात्रा ने खाया विषैला पदार्थ हालत गंभीर

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : मंगलवार को आये यूपी बोर्ड द्वारा आयोजित हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षा परिणाम को लेकर जहां छात्र–छात्राओं में खुशी रही तो वहीं कुछ छात्र छात्राएं फेल होने के



कारण विषैला पदार्थ खाकर अपनी जीवन लीला समाप्त करने का प्रयास किया। जहा इण्टरमीडिएट की छात्रा नेहा यादव 19 वर्ष पुत्री लाल चंद यादव निवासी होराइरा मड़ियाहू ने बुटाक्स का सेवन कर लिया तो वही दूसरी तरफ गौराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के कुछमुछ गांव निवासी इंटरमीडिएट के छात्र युवराज मिश्र 19 वर्ष पुत्र चंद्रेश मिश्र ने भी सल्फास विषैला पदार्थ का सेवन कर लिया हालात गंभीर होने पर परिजन लेकर जिला अस्पताल पहुंचे जहां डॉक्टरों ने हालत गंभीर देख छात्र को वाराणसी बीएचयू रेफर कर दिया है। जहां छात्र का इलाज चल रहा है डॉक्टरों के अनुसार हालत अत्यंत गंभीर है परिजनों में छात्र के इस कदम को लेकर कोहराम मचा हुआ है वहीं छात्रा का इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है जो अब खतरे से बाहर बताई जा रही है।

## शादीशुदा युवा प्रेमी जोड़ा का एक ही पेड़ पर लटका मिला शव



सीतापुर ब्यूरो : सीतापुर जिले के थाना हरगांव इलाके में गांव के बाहर एक युवक और युवती का शव एक ही पेड़ से लटकता हुआ पाया गया। ग्रामीणों के मुताबिक दोनों ही शादीशुदा थे। दोनों के बीच में प्रेम संबंध था। मौके पर पहुंची पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने की कार्रवाई कर रही है। वहीं परिजनों से भी पूछताछ की जा रही है। क्षेत्र के गांव हरदासपुर निवासी अनीता (35) और विनोद (38) का शव गांव के बाहर बनी कर्बला के किनारे एक ही पेड़ से लटकता हुआ पाया गया। दोनों ही मृतक शादीशुदा है। विनोद के दो बच्चे हैं वही अनीता की एक बेटी है। ग्रामीणों के मुताबिक दोनों में प्रेम प्रसंग था। मौके पर पहुंची पुलिस शवों को उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भेजने की कार्रवाई कर रही है। पुलिस परिजनों से पूछताछ कर उनके बयान दर्ज कर रही है।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

–सुविचार–

सर्व का सहयोग लेने के लिए पहले स्वयं सहयोगी बनना पड़ता है।

–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

# मण्डलायुक्त द्वारा श्री राम जन्म भूमि को जोड़ने वाले निर्माणाधीन जन्मभूमि पथ का किया गया निरीक्षण

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) मण्डलायुक्त गौरव दयाल ने श्री राम जन्म भूमि को जोड़ने वाले निर्माणाधीन जन्मभूमि पथ का निरीक्षण किया। उन्होंने स्थल पर हो रहे पत्थर ढलाई एवं कटाई के कार्य का निरीक्षण किया तथा पत्थर की ढलाई एवम कटाई के कार्यो की प्रगति धीमी होने पर असंतोष व्यक्त किया और कहा कि और अधिक पत्थर की ढलाई एवं कटाई करने वाले कारीगरों को लगाकर कार्य को तीव्र गति से करें तथा उन्होंने सम्बंधित ठेकेदार से कार्यो को समय से कैसे पूरा करेंगे इसकी कार्ययोजना प्रस्तुत करने के निर्देश दिये। मण्डलायुक्त ने निर्माणाधीन पथ में स्थापित किये जा रहे स्ट्रीट लाइट के अत्याधुनिक खंभो को देखा तथा कहा कि खंभे एक सीध रेखा में लम्बवत स्पिलिट लेबल से चेक करके ही इंस्टाल किये जाय, जिससे वह देखने में बेतरतीब न लगें। उन्होंने कहा कि स्ट्रीट लाइट के जो खंभे लगाये जाय वे ढलायी किये जा रहे पत्थरों की डिजाइनिंग को ध्यान में रखते हुये लगाये जाय, जिससे देखने में समरूपता लगें। उन्होंने इंस्टाल किये गये प्रत्येक पोलों तक जाकर उनकी गहनता से जांच की तथा जो भी कमियां थी उन्हें दूर करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि पत्थर ढलाई के साथ पथ में फुटपाथ का कार्य भी तीव्र गति से किया जाय। निरीक्षण के दौरान अधिशाषी अभियन्ता पीडब्लूडी सहित कार्यदायी संस्था के अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे। इसके उपरांत मण्डलायुक्त की अध्यक्षता में आयुक्त सभागार में अयोध्या धाम में निर्माणाधीन विभिन्न पथों के प्रगति की समीक्षा की गयी। उन्होंने सर्वप्रथम निर्माणाधीन रामपथ के सम्बंध में कहा कि निर्माणाधीन पथ पर जो भी मलबा आदि है उसे अभियान चलाकर दो दिन के अंदर हटवाया जाय तथा पथ के निर्माण में जो भी बाधाये है उन्हें जल्द से जल्द हटवाया जाय। उन्होंने कहा कि निर्माणाधीन पथ पर जहां भी जाम की स्थिति होती है वहां पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात करते हुये जाम की स्थिति से निपटा जाय। मण्डलायुक्त ने कहा कि पथ के कैरेज–वे में जो पेड़ आ रहे उन्हें ही केवल हटाया जाय अन्य किसी पेड़ को न काटा जाय। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारीगण तथा कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधि गण आपसी समन्वय के साथ कार्य को पूर्ण मनोयोग से करते हुए इन सभी कार्यो को निर्धारित समयावधि में पूर्ण किये जायें। उन्होंने कहा कि रामपथ में जो भी स्ट्रीट लाइट के खम्भें, फुटपाथ की टाइल्स आदि लगनी है सभी के सैम्पल प्रस्तुत किये जाय।इसके अलावा उन्होंने निर्माणाधीन भक्तिपथ के प्रगति की समीक्षा की। बैठक में नगर आयुक्त श्री विशाल सिंह, अपर जिलाधिकारी प्रशासन श्री अमित सिंह, अपर जिलाधिकारी नगर श्री सलिल कुमार पटेल, अयोध्या विकास प्राधिकरण सचिव श्री सत्येन्द्र सिंह, कार्यदायी संस्था के अधिशाषी अभियन्तागण तथा निर्माणाधीन पथों के ठेकेदार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# सीएमओ ने किया सीएचसी सुनवा का निरीक्षण : सीएमओ ने चयनित शहरी आशा को वितरित किया प्रमाण पत्र



अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) मंगलवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अजय राजा ने सीएचसी सुनवा का सघन भ्रमण किया।निरीक्षण के दौरान उन्हें डॉ आकांक्षा, डॉ पूर्णिमा,फार्मासिस्ट महेश कुमार पांडेय, एलटी जय राम त्रिपाठी अनुपस्थित मिले।इस संबंध में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अजय राजा ने अधीक्षक को निर्देश दिया कि गायब चिकित्सकों व अन्य कर्मियों से स्पष्टीकरण प्राप्त कर यथोचित कार्यवाही सुनिश्चित करें।मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने आमजन को उपलब्ध कराई जा रही स्वास्थ्य सेवाओं का जायजा लिया।उन्होंने सीएचसी अधीक्षक डॉ रविकांत वर्मा को निर्देश दिया कि सीएचसी पर आने वाले सभी मरीजों अच्छे व्यवहार के साथ साथ उपलब्ध सभी जांच, उपचार और दवाएं निःशुल्क प्राप्त हों।इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही किसी भी स्तर से नही होनी चाहिए।सभी चिकित्सक और पैरामेडिकल स्टॉफ की उपस्थिति शतप्रतिशत सुनिश्चित हो।यदि किसी को अवकाश की आवश्यकता हो तो नियमानुसार ही अवकाश दिया जाए।मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अजय राजा ने नव चयनित शहरी आशाओं की आठ दिवसीय मूलभूत प्रशिक्षण के सफलतापूर्वक समाप्ति उपरान्त शहरी आशाओं को प्रमाण पत्र वितरित किया।अपने संबोधन में मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने आशाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि प्रशिक्षण उपरान्त अब सही मायनों में आशा हो चुकी हैं और आप सभी पर शहरी क्षेत्र में स्लम एरिया में लोगों के स्वास्थ्य आवश्यकताओं को पूरा करने की जिम्मेदारी आशा पर है और पूरी उम्मीद है कि नव चयनित शहरी आशाएं आमजन की उम्मीदों पर खरा उतरेंगी।

# लोगों को जाम से निजात दिलाना प्राथमिकता – आर के गौतम

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) शहर वासियों को जाम से निजात दिलाना व यातायात व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त बनाना एएसपी यातायात/प्रोटोकॉल आर के गौतम की प्रथम प्राथमिकता है।मालूम हो कि इस नव सृजित पद पर अभी कुछ दिनों पहले एएसपी



आर के गौतम ने पद भार ग्रहण किया था।उन्होंने बताया कि इस समय जाम की समस्या इस शहर में सबसे बड़ी चुनौती फनी हुई है।राम पथ निर्माण व मुहल्ले व अन्य मार्गों पर हो रहे कार्यों के चलते शहर वासियों को आने जाने में कुछ परेशानी हो रही है। इससे शहर के अधिकतर मार्गों व चौराहों पर जाम लगना आम हो गया है। उन्होंने बताया कि जनता को शीघ्र ही इस गंभीर समस्या से निजात दिलाने के लिए संबंधित विभाग के अधिकारियों व अन्य जिम्मेदार लोगों के साथ बैठक की जायेगी। उन्होंने बताया कि अयोध्या प्रभु राम की जन्मस्थली है और यहां पर आये दिन कोई न कोई मेला, स्नान सहित अन्य कार्यक्रमों का आयोजन होता रहता है। जिसके कारण यहां पर श्रद्धालुओं का आवागमन भारी संख्या में बनी रहती है। उन्होंने बताया कि अभी उतनी पर्याप्त संख्या में यातायात पुलिस कर्मियों की तैनाती नहीं है जितनी कि यहां पर होनी चाहिए। लेकिन आने वाले दिनों में यातायात व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त बनाये जाने के लिए पर्याप्त संख्या में यातायात पुलिस कर्मियों की मांग शासन से करेंगे।

# यूपी बोर्ड परीक्षा की टॉप 10 सूची में अयोध्या के 16 मेधावियों ने बनाई जगह

अयोध्या (डीकेयू लाइव ब्यूरो) सुरेंद्र कुमार।अयोध्या। उ.प्र. माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित हाईस्कूल के नतीजों में जनपद के 16 मेधावियों ने प्रदेश के टॉप टेन विद्यार्थियों में जगह बनाई है। कनौसा कान्वेंट की छात्रा मिस्कत नूर ने 97.83 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रदेश में दूसरा हासिल कर जनपद का नाम रोशन किया है। वहीं खोजनपुर के ओपीएस इंटर कॉलेज के छात्र आंशिक दूबे ने 97.50 प्रतिशत अंक प्राप्त कर चौथा स्थान हासिल किया है। कनौसा की ही छात्रा दीक्षा गुप्ता, कृतिका श्रीवास्तव और समीक्षा तिवारी ने 97 फीसदी अंक प्राप्त कर सातवीं रैंक हासिल की है। कनौसा की ही ममता यादव ने 96.83 व रुदौली मीरमऊ के श्रीराम लखन यादव कालेज के छात्र ह्रदेश भट्ट ने भी 96.83 प्रतिशत अंक प्राप्त कर आठवीं रैंक हासिल की है। कनौसा की ही अन्यया द्विवेदी, दृष्टि मनचंदा, हीर सचदेवा व हसनपुर स्थित आरबी एकेडमी की अंशिका चौहान, ग्रामोदय फखरपुर के विशाल वर्मा ने क्रमशः 96.67 अंक प्राप्त कर नौवां स्थान हासिल किया है। कनौसा की भूमिका कश्यप और फलक जहरा व बीकापुर तेंदुआ माफी के देशदीपक आदर्श इंटर कॉलेज के छात्र अनुराग ने 96.50 अंक प्राप्त कर प्रदेश में दसवां स्थान हासिल किया है। इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा में विकासखड क्षेत्र के महाराणा प्रताप इंटर कॉलेज रामदासपुर मझौली की विज्ञान वर्ग की छात्रा साक्षी शुक्ला द्वारा यूपी बोर्ड परीक्षा में 96.20 प्रतिशत अंक पाकर जिले के टॉप टेन सूची में दूसरा स्थान प्राप्त किया है। होनहार छात्रा को 500 में 481 अंक मिला है। छात्रा के अच्छे अंको से उत्तीर्ण होने पर परिवार में जश्न का माहौल है। बोर्ड परीक्षा का परिणाम आने के बाद विद्यालय के प्रधानाचार्य ओम प्रकाश पांडेय, पीजी कॉलेज की प्राचार्य अना रिजवी, विद्यालय के प्रबंधक महेश सिंह, संचालक अनुराग सिंह और विद्यालय स्टाफ द्वारा छात्रा के घर सीताराम का पुरवा गांव में पहुंचकर छात्रा और उसके माता–पिता को माला पहनाकर तथा मिष्ठान खिलाकर उत्साहवर्धन किया गया। छात्रा के पिता नरेंद्र कुमार शुक्ला खजुरहट में संचालित एक इंटर कॉलेज में प्रवक्ता के पद पर कार्यरत हैं। तथा माता किरन शुक्ला ग्रहणी हैं होनहार छात्रा साक्षी शुक्ला दो बहनों में छोटी है। बड़ी बहन मानसी शुक्ला बीएससी की पढ़ाई कर रही है। होनहार छात्रा साक्षी शुक्ला ने अपनी सफलता का श्रेय अपने पिता पिता और गुरुजनों को दिया है। जिनके प्रेरणा से बोर्ड परीक्षा में उसे स्थान मिला है। होनहार छात्रा साक्षी शुक्ला ने बताया कि आगे वह यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी करके समाज सेवा करना चाहती है। और काबिल बनकर गरीब बच्चों को निशुल्क शिक्षा देना चाहती है। वहीं रुदौली के आदर्श इंटर कॉलेज के बच्चों ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से विद्यालय का नाम रोशन किया है । हाइस्कूल के छात्र सुभांशु तिवारी ने 559/600, अवंतिका गुप्ता 554/600, मोनू यादव 552/600, आराध्या सिंह 551/600,आँचल यादव 550/600, अनमोल श्रीवास्तव 549/600, भूमिका श्रीवास्तव 558/600, चांदनी साहू 542/600, अनुज यादव 541/600, सूर्य गुप्ता 540/600, ने सर्वाधिक अंक प्राप्त किया है व इंटरमीडिएट के छात्र आदर्श शर्मा 444/500 सलोनी वर्मा 441/500 , मो. शारिक 437/500, शुभम 437/500, हस्सान अहमद 434/500, सुजीत कुमार 431/500, आदर्श मोदनवाल 423/500, मुस्कान यादव 422/500, कुलभाष्कर 419/500, आयुष्मान गुप्ता 418/500 आदि ने सर्वाधिक अंक प्राप्त किया है। विद्यालय के शत प्रतिशत बच्चे सम्मानजनक अंक के साथ उत्तीर्ण हुए है। विद्यालय के प्रबंधक राम कैलाश मौर्य व प्रधानाचार्य पंकज कुमार मौर्य ने सभी छात्रों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। मिल्कीपुर क्षेत्र के कुचेरा बाजार स्थित चंद्रभान गुप्त इंटर कॉलेज में इस बार की बोर्ड परीक्षा में हाई स्कूल में 98प्रतिशत तथा इंटरमीडिएट में 95 प्रतिशत रहा रिजल्ट।इंटरकॉलेज की प्रधानाचार्य शिवांगी गुप्ता ने बताया कि इस बार कॉलेज के छात्र–छात्राओं का प्रदर्शन सराहनीय रहा है।कॉलेज में अध्ययनरत छात्र–छात्राओं में इस बार हाई स्कूल की परीक्षा में 92.2 प्रतिशत के साथ कालेज में प्रथम स्थान पर प्रियंका दुबे,92 प्रतिशत अंकों के साथ अभय ओझा दूसरे स्थान पर तथा 89.9 प्रतिशत आशुतोष तिवारी तीसरा स्थान पर रहे।इंटरमीडिएट की परीक्षा में 90.6 प्रतिशत अंकों के साथ मुस्कान जायसवाल ने प्रथम स्थान 88.80 प्रतिशत, शिवांगी ने द्वितीय तथा 87.4 के साथ कविता ने तीसरा स्थान प्राप्त किया है।छात्र–छात्राओं के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर विद्यालय परिवार ने हर्ष व्यक्त करते हुए मिठाई बांटी और कहा कि जल्द ही इन बच्चों को पुरस्कृत किया जाएगा।हर्ष व्यक्त करने वालों में प्रमुख रूप से प्रबंधक गोपाल जी गुप्ता व प्रधानाचार्य शिवांगी गुप्ता,प्रशासनिक अधिकारी ऋषभ कसौधन तथा समस्त शिक्षक स्टाफ शामिल रहा।

# हाइस्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षा में आदर्श इंटर कॉलेज रुदौली का उत्कृष्ट प्रदर्शन

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) यूपी बोर्ड 2022–23 की परीक्षा परिणाम में आदर्श इंटर कॉलेज रुदौली के बच्चों ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से विद्यालय का नाम रोशन किया है । जिसमे हाइस्कूल के छात्र सुभांशु तिवारी ने 559/600, अवंतिका गुप्ता 554/600, मोनू यादव 552/600, आराध्या सिंह 551/600,आँचल यादव 550/600, अनमोल श्रीवास्तव 549/600, भूमिका श्रीवास्तव 558/600, चांदनी साहू 542/600, अनुज यादव 541/600, सूर्य गुप्ता 540/600, ने सर्वाधिक अंक प्राप्त किया है व इंटरमीडिएट के छात्र आदर्श शर्मा 444/500 सलोनी वर्मा 441/500 , मो. शारिक 437/500, शुभम 437/500, हस्सान अहमद 434/500, सुजीत कुमार 431/500, आदर्श मोदनवाल 423/500, मुस्कान यादव 422/500, कुलभाष्कर 419/500, आयुष्मान गुप्ता 418/500 आदि ने सर्वाधिक अंक प्राप्त किया है। इसके अतिरिक्त शत प्रतिशत बच्चे सम्मानजनक अंक के साथ उत्तीर्ण हुए है।इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक श्री राम कैलाश मौर्य जी ने व प्रधानाचार्य श्री पंकज कुमार मौर्य जी ने सभी छात्रों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# सोशल मीडिया पर भी लागू होगी आचार संहिता –एसडीएम

अयोध्या (डीकेयू लाइव ब्यूरो) सुरेंद्र कुमार।मिल्कीपुर–अयोध्या। निकाय चुनाव में सोशल मीडिया पर प्रचार सामग्री पोस्ट करने से पहले अब सुपर जोनल मजिस्ट्रेट/जिलाधिकारी मिल्कीपुर से अनुमति लेनी होगी। चुनाव आयोग ने इस संबंध में कड़े दिशा–निर्देश जारी किए हैं। आयोग ने माना है कि सोशल मीडिया और वेबसाइट भी रेडियो–केबल टीवी की तरह इलेक्ट्रॉनिक मीडिया है। जिस पर किए जाने वाले चुनाव प्रचार को कानूनी रूप दिया जाना चाहिए। इसके अलावा राजनैतिक दलों के उम्मीदवारों से भी कहा गया है कि बगैर अनुमति के सोशल मीडिया का उपयोग चुनाव प्रचार के लिए न करें। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा इस संबंध में जारी दिशा निर्देशों में साफ तौर पर कहा गया है कि सोशल मीडिया मसलन लाउडस्पीकर, साउंड बॉक्स का प्रयोग, टीवी चौनल, केबल नेटवर्क/वीडियो वाहन अथवा रेडियो ,फेसबुक, यू–ट्यूब टेलीग्राम और एप्स पर कोई भी विज्ञापन या एप्लीकेशन देने से पहले इसका प्रमाणीकरण कराकर अनुमति ली जाए। यह अनुमति सुपर जोनल मजिस्ट्रेट/उपजिलाधिकारी मिल्कीपुर अमित जायसवाल देगें। यह जानकारी उप जिला निर्वाचन अधिकारी अमित सिंह ने दी। सोशल मीडिया पर दिए जाने वाले विज्ञापन का खर्च प्रत्याशी के खर्च में शामिल होगा। जो उम्मीदवार या राजनैतिक दल का सोशल मीडिया एकाउंट या वेबसाइट संचालित करने का काम करते हैं। चुनाव आयोग ने यह भी स्पष्ट किया है कि सोशल मीडिया पर न केवल आचार संहिता लागू रहेगी, बल्कि वेबसाइट और सोशल मीडिया एकाउंट पर पोस्ट की जाने वाली सामग्री इसके अधीन रहेगी। सुपर जोनल मजिस्ट्रेट ने बताया कि तहसील मुख्यालय पर चुनाव कंट्रोल रूम बनाया गया है जिसका नंबर 0 52 70 22 5697 है, कहीं पर किसी प्रकार के चुनाव से संबंधित बात हो तो इस नंबर पर तत्काल अपनी सूचनाधशिकायत दर्ज कराई जा सकती है यदि नंबर किन्ही कारणों बस नहीं लगता है तो एसडीएम एवं क्षेत्राधिकारी के सीयूजी नंबर पर संपर्क किया जा सकता है।

# सीएमओ ने सीएचसी सुनवा का किया निरीक्षण

अयोध्या (डीकेयू लाइव ब्यूरो) सुरेंद्र कुमार। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अजय राजा ने अपने नियमित भ्रमण के तहत आज सीएचसी सुनवा का सघन भ्रमण किया। अपने भ्रमण के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने आमजन को उपलब्ध कराई जा रही स्वास्थ्य सेवाओं का जायजा लिया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने सीएचसी अधीक्षक डाव रविकांत वर्मा को निर्देश दिया कि सीएचसी पर आने वाले सभी मरीजों अच्छे व्यवहार के साथ साथ उपलब्ध सभी जांच, उपचार और दवाएं निःशुल्क प्राप्त हों और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही किसी भी स्तर से नही होनी चाहिए और सभी चिकित्सक और पैरामेडिकल स्टॉफ की उपस्थिति शतप्रतिशत सुनिश्चित हो। यदि किसी को अवकाश की आवश्यकता हो तो नियमानुसार ही अवकाश दिया जाए। आज के भ्रमण में डाव अकांछा, डाव पूर्णिमा,फार्मासिस्ट श्री महेश कुमार पांडेय, एलटी श्री जय राम त्रिपाठी अनुपस्थित पाए गए जिसके संबंध में मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने अधीक्षक को निर्देश दिया कि स्पष्टीकरण प्राप्त कर यथोचित कार्यवही सुनिश्चित करें। अपने भ्रमण में सीएचसी सुनवा पर अधूरे कार्य को पूर्ण करने के लिए मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने कार्यदायी संस्था को निर्देशित किया कि अविलम्ब साइट डेवलपमेंट का कार्य पूर्ण करा लें। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अजय राजा ने नव चयनित शहरी आशाओं की आठ दिवसीय मूलभूत प्रशिक्षण के सफलतापूर्वक समाप्ति उपरान्त शहरी आशाओं को प्रमाण पत्र वितरित किया। प्रमाण पत्र वितरण उपरान्त अपने संबोधन में मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने आशाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि प्रशिक्षण उपरान्त अब सही मायनों में आशा हो चुकी हैं और आप सभी पर शहरी क्षेत्र में स्लम एरिया में लोगों के स्वास्थ्य आवश्यकताओं को पूरा करने की जिम्मेदारी आशा पर है और पूरी उम्मीद है कि नव चयनित शहरी आशाएं आमजन की उम्मीदों पर खरा उतरेंगी।

# सपा महानगर कमेटी ने पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडे पवन के नेतृत्व में तेज किया सघन जनसंपर्क अभियान

अयोध्या (क्राइम रिपोर्टर) मुकेश कुमार। समाजवादी पार्टी महानगर कमेटी ने पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडे पवन के नेतृत्व में अयोध्या नगर निगम के क्षेत्र के लक्ष्मण घाट वार्ड, देवकाली वार्ड, रामकोट वार्ड, में सघन जनसंपर्क किया इस मौके पर पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडे ने कहा आज जनता इस तानाशाही सरकार से ऊब चुकी है और अयोध्या नगर निगम में इनके 5 साल के कार्यकाल को भी देख चुकी है कि आज जनता के ऊपर कितना टैक्स थोपा जा चुका है। महानगर प्रवक्ता एडवोकेट राकेश यादव ने बताया पूर्व मंत्री के साथ जनसंपर्क में मेयर प्रत्याशी डॉ आशीष पांडे दीपू, महानगर महासचिव हामिद जाफर मीसम पूर्व प्रदेश सचिव मोहम्मद हलीम पप्पू, चौधरी बलराम यादव मोहम्मद अपील बबलू, शक्ति जयसवाल महंत कर तालिया आश्रम महेंद्र शुक्ला, अखिलेश पांडे प्रदीप चौबे, दुर्गेश वर्मा, पार्टी के पदाधिकारी तथा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# तमंचे के साथ युवक का फोटो वायरल : छानबीन में जुटी पुलिस



सुल्तानपुर ब्यूरो आलोक श्रीवास्तव : हलियापुर थाना क्षेत्र में एक युवक का अवैध तमंचे के साथ फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। फोटो वायरल होने के बाद पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है।यह फोटो साधू शरण पुत्र राजाराम निवासी कांपा थाना हलियापुर का बताया जा रहा है। फोटो वायरल होने की जानकारी मिलते ही पुलिस गांव पहुंचे और मामले की छानबीन शुरू कर दी।हलियापुर थानाध्यक्ष आर.बी सुमन ने बताया कि अवैध तमंचे के साथ फोटो वायरल होने की जानकारी मिली है। जांच कर संबंधित के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

# महिला ने ग्राम प्रधान सहित पांच अन्य के विरूद्ध मारपीट व छेड़छाड़ करने का लगाया आरोप

अयोध्या (क्राइम रिपोर्टर) मुकेश कुमार।सोहावल–अयोध्या। रौनाही थाना क्षेत्र की ग्राम सभा सुरवारी निवासिनी महिला ने प्रधान सूर्य नरायण गुप्ता, अशोक गुप्ता ,कमल कुमार ,अनुराग, हिंमाशु ,के विरूद्ध समूह बनाकर मारपीट जान से मारने और छेड़छाड़ करने का आरोप लगाया है।पुलिस को दी गयी तहरीर में पीड़िता ने बताया कि बीती शाम बरसात का पानी इंटर लाकिंग बनाये जाने के कारण निकासी नहीं होने से पानी भर गया।जिसकी शिकायत करने पर सभी आरोपियों ने अभद्र भाषा का प्रयोग एवं छेड़छाड़ करते हुये जान से मारने की धमकी दी।ग्राम प्रधान सूर्य नरायण गुप्ता ने महिला के आरोप को निराधार बताते हुए कहा कि इंटर लाकिंग सड़क बनाने से नाराज होकर नाली से पानी की निकासी नहीं हो रही थी।जिसको देखने के दौरान महिला ने डंडे से प्रहार करके हमारा हाथ तोड़ दिया।महिला होने का फायदा उठाते हुए हमारे ऊपर छेड़छाड़ जैसे गंभीर आरोप लगाये गये है।इस सम्बन्ध में थाना प्रभारी संतोष कुमार सिंह ने बताया कि दोनों पक्ष से तहरीर मिली है।जांच कर उचित कार्यवाही की जायेगी।

# खाते से धोखाधड़ी कर निकाले गये 14881 रूपये : अयोध्या साइबर क्राइम सेल अयोध्या द्वारा कराये गये वापस



अयोध्या (क्राइम रिपोर्टर) मुकेश कुमार। जनपद अयोध्या थाना हैदरगंज थरियाकला का निवासी अभिषेक कुमार का धोखाधड़ी से निकाले गए पैसे को अयोध्या साइबर क्राइम सेल ने वापस कराया। प्राप्त जानकारी के अनुसार अभिषेक कुमार ने पुलिस अधीक्षक के समक्ष प्रार्थना पत्र दिया जिसमें बताया कि उनके पास एयरटेल पेमेंट बैंक की तरफ से फर्जी अधिकारी बनकर कॉल आया एवं फोनपे के वेरिफिकेशन के लिए OTP पूछकर 14881 रुपये खाते से ले लिया। मामले को संज्ञान में लेकर चलाये जा रहे अभियान के अंतर्गत साइबर क्राइम सेल को त्वरित कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया। जिसपर साइबर क्राइम सेल द्वारा तवरित कार्यवाही करते हुए कुल 14881 रूपये पीड़ित के खाते में वापस कराये गये।

# बच्चों की प्रतिभा निखारने हेतु बाल पत्रिका उमंग का प्रकाशन

अयोध्या (डीकेयू लाइव ब्यूरो) सुरेंद्र कुमार। बच्चों की प्रतिभा को निखारने के लिए बाल पत्रिका " उमंग " के प्रकाशन पर बीएसए सन्तोष कुमार राय ने अपनी शुभकामनाएं व्यक्त की। हैरिंगटनगंज स्थित कम्पोजिट विद्यालय पाराताजपुर द्वारा प्रकाशित यह बाल पत्रिका विद्यालय की प्रगति की द्योतक है। इस पत्रिका के संपादक अनूप मल्होत्रा ने पत्रिका की प्रति बीएसए सन्तोष कुमार राय एवं उप शिक्षा निदेशक/प्राचार्य डाइट सन्ध्या श्रीवास्तव एवं खंड शिक्षा अधिकारी विजय प्रकाश को भेंट की। जिसके लिए उन्होंने अपनी शुभकामनाएं तथा बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना भी की । बाल पत्रिका उमंग में विद्यालय के प्रधानाध्यापक विद्यासागर के निर्देशन में विद्यालय स्टाफ , पुरातन छात्रों एवं विद्यालयों के बच्चों की रचनाओं को स्थान दिया गया है। इस पत्रिका में विद्यालय में किए जा रहे उत्कृष्ट कार्य के फोटोग्राफ भी शामिल है । बाल पत्रिका उमंग के प्रकाशन पर जनपद के समस्त खंड शिक्षा अधिकारी, डीसी (एमआईएस) मोहिता दिक्षित, डीसी(समेकित) शिवाकांत द्विवेदी के साथ ही एसआरजी डॉ अंबिकेश त्रिपाठी,अमित मिश्रा, मनीष रस्तोगी एवं जूनियर शिक्षक संघ के अध्यक्ष अरुण तिवारी, ब्लाक अध्यक्ष नंदलाल ,जिला गाइड कैप्टन निधि महेंद्रा, यूथ हास्टल अध्यक्ष अनुराग वैश्य,सचिव अनुज भजा, प्रशान्त केसरवानी विवेकानंद पाण्डेय, आशीष महेंद्रा अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की है।

# ऑनलाइन तमंचा फैक्टरी का भंडाफोड़ : चुनाव में खून–खराबे के लिए तैयार किए जा रहे थे हथियार : दो गिरफ्तार

मेरठ ब्यूरो : मेरठ पुलिस ने लिसाड़ी गेट में चल रही अवैध शस्त्र फैक्टरी का भंडाफोड़ किया है। 23 तमंचे और हथियार बनाने के भारी मात्रा में उपकरण बरामद किए गए हैं। आईजी की तरफ से पुलिस टीम को 50 हजार रुपये के पुरस्कार की घोषणा की गई है। एसपी सिटी पीयूष कुमार सिंह ने बताया कि आरोपी ऑनलाइन व्हाट्सएप ग्रुप बनाकर डिमांड पर तमंचे बनाते थे। तमंचों की फोटो व्हाट्सएप ग्रुप पर डालकर उनका रेट तय किया जाता था। इन हथियारों का इस्तेमाल चुनाव में खून–खराबा करने के लिए किया जाना था। ढाई से तीन हजार रुपए में बेचा जाता था। पुलिस व्हाट्सएप ग्रुप में जुड़े अन्य लोगों की पहचान कर रही है। किसको तमंचे सप्लाई किए गए इसका पता लगाया जा रहा है। एसपी सिटी पीयूष कुमार सिंह ने बताया कि एसएसपी रोहित सिंह सजवान के निर्देशो के चलते आगामी नगर निकाय चुनाव को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए सघन अभियान चलाया जा रहा है। बुधवार को अपराध नियंत्रण टीम नगर क्षेत्र मेरठ एवम थाना लिसाड़ी गेट पुलिस की सयुक्त



कार्यवाही के दौरान फौजी मार्किट फैजान गार्डन के सामने खंडहरनुमा मकान में अवैध रूप से संचालित असलाह फैक्टरी (शस्त्र बने व अधबना अस्लाह व अवैध शस्त्र बनाने के अन्य उपकरण ) बरामद करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

सम्पादक मंडल

श्री शिवशंकर द्विवेदी संयुक्त सचिव (सेवा निवृत्त) उ0प्र0 शासन, लखनऊ, पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी

प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"

पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0

लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107

स्वात्वाधिकारी की ओर से श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक

श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव

सह सम्पादक

श्रीमती हेमा त्रिपाठी

मो0–7007415808,9628325542,9415034002

RNI सन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/R-1

deshkiupasanadailynews@gmail.com

उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही

समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।